This question paper contains 8 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **8177**

Unique Paper Code : **241386** **C**

Name of the Paper : **Paper C.P. 3.2—Company & Compensation Laws**

Name of the Course : **B.Com. (Course) Part II**

Semester : **III**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**Note :** Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी :** इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

*All* questions are compulsory.

*All* questions of each Section (A, B and C) should be attempted together.

*All* questions carry equal marks.

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक खंड ('क', 'ख' और 'ग') के सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही साथ दीजिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

## Section A

## (खण्ड 'क')

1. (*a*) Define a Private Limited Company and distinguish it from a Public Limited Company.

   (*b*) Distinguish between a shelf prospectus and a deemed prospectus.

P.T.O.

(*c*) If all the shareholders of a Company are citizens of India could we say that the co. is also a citizen of India ? What determines the nationality of a company ?

(*a*) निजी कम्पनी की परिभाषा दीजिए। निजी कम्पनी एवं सार्वजनिक कम्पनी में अन्तर बताइए।

(*b*) शेल्फ विवरण-पत्रिका एवं विवरण-पत्रिका की भाँति विवरण-पत्रिका में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(*c*) यदि किसी कम्पनी के सभी अंशधारी भारतीय नागरिक हैं, तो क्या कम्पनी को भी भारतीय नागरिक माना जाएगा ? कम्पनी की राष्ट्रीयता कैसे निर्धारित की जाती है ?

*Or*

**(अथवा)**

(*x*) What is lifting of the corporate veil ? Explain the statutory provisions under which the corporate veil of a company may be lifted.

(*y*) Who can become member of a Company ? Explain with reference to :

(*i*) a company

(*ii*) a partnership firm

(*iii*) a minor.

(*z*) Prospectus of XYZ Ltd., mentioned that applications to two stock exchanges have been made for permission for enlistment of shares. While one stock exchange refused the other stock exchange granted the permission. Should the co. proceed to allot the shares ?

(*x*) समामेलन के आवरण को हटाने से क्या तात्पर्य है ? वैधानिक उपबन्धों के अधीन कम्पनी के समामेलन आवरण को हटाने की व्याख्या कीजिए।

(y) कम्पनी का मैम्बर कौन बन सकता है ? निम्न के संदर्भ में व्याख्या कीजिए :

(i) एक कम्पनी

(ii) साझेदारी फर्म

(iii) अवयस्क।

(z) XYZ लिमिटेड की विवरण-पत्रिका में यह सूचना दी गई कि कम्पनी ने दो शेयर बाजारों में व्यवहार के लिए अनुमति पत्र भेजा है। एक शेयर बाजार ने अनुमति देने से मना कर दिया परन्तु दूसरे शेयर बाजार ने अनुमति दे दी। क्या इस कम्पनी को शेयर आबंटन करना चाहिये ?

2. (a) Discuss the legal positions of Directors in a Company.

(b) What is an extraordinary general meeting ? Who can call this meeting ?

(c) The Annual General Meeting was called by a Company in December 2010. This meeting was adjourned to March 2011 and was duly held. Subsequent AGM was held in March 2012. Is there any irregularity on the part of the Company ?

(a) कम्पनी के संचालकों की वैधानिक स्थिति की व्याख्या कीजिए।

(b) असामान्य साधारण सभा क्या है ? ऐसी सभाएँ कौन बुला सकता है ?

(c) एक कम्पनी ने अपनी वार्षिक साधारण सभा दिसम्बर 2010 में बुलाई थी। उस सभा को मार्च 2011 तक स्थगित कर दिया गया और मार्च 2011 में यह सभा की गई। इसके बाद की सभा मार्च 2012 में आयोजित की गई। क्या सभा को बुलाने में कोई त्रुटि है ?

*Or*

(अथवा)

(*x*) Explain winding up of a Company on the grounds of :

(*a*) inability to pay debts.

(*b*) just and equitable.

(*y*) Describe rules regarding :

(*a*) appointment of Chairman in the General Meeting.

(*b*) Proxy.

(*z*) Distinguish between Additional Directors and Alternative Directors.

(*x*) कम्पनी के समापन के विभिन्न तरीकों में से निम्नलिखित तरीकों की व्याख्या क़ीजिए :

(*a*) ऋणों के भुगतान में असमर्थता

(*b*) न्यायसंगत एवं सामयिक।

(*y*) नियमों की व्याख्या कीजिए :

(*a*) सभा की अध्यक्षता करने के लिये उचित सभापति

(*b*) प्रॉक्सी।

(*z*) अन्तर स्पष्ट कीजिए :

(*a*) अतिरिक्त संचालक

(*b*) स्थानापन्न संचालक।

## Section B

## (खण्ड 'ख')

3. (*a*) What do you mean by "Independent Director" ? How appointment of independent directors shall lead to better corporate governance ? Discuss.

(*b*) Explain clause 49 of listing agreement with regard to audit committee.

(*c*) Mr. X appointed as a Director in a Pvt. Ltd. Co. He does not get Director identity Number. What shall be the consequence ?

(*a*) स्वतंत्र निदेशक से आपका क्या अभिप्राय है ? स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति से निगमित शासन विधि कैसे बेहतर होगी ? समझाइये।

(*b*) सूचीकरण समझौते खण्ड 49 के अन्तर्गत आडिट कमेटी के बारे में बताइए।

(*c*) Mr. X एक प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में निदेशक के पद पर नियुक्त किये जाते हैं। वह संचालक पहचान पत्र प्राप्त नहीं करते। इसका क्या निष्कर्ष होगा ?

*Or*

**(अथवा)**

(*x*) Explain the rules with regard to appointment of small shareholder's directors.

(*y*) Distinguish between permanent and rotational directors. In how many companies a person can act as a Director ?

(*z*) Write a short note on passing of Resolution by Postal Ballot.

(*x*) छोटे शेयरधारियों द्वारा संचालकों का चुनाव सम्बन्धी नियमों का उल्लेख कीजिए।

(*y*) स्थायी संचालकों एवं चक्रानुक्रम में अनियमित रिटायर होने वाले संचालकों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। एक व्यक्ति कितनी सार्वजनिक कम्पनियों में निदेशक पद ग्रहण कर सकता है ?

(*z*) डाक मतपत्रों द्वारा संकल्प पारित करने पर संक्षिप्त नोट लिखिये।

## Section C

## (खण्ड 'ग')

4. (*a*) What are the different kinds of benefits provided under Employees Insurance Act, 1948 ?

(*b*) Whether ESI Act, 1948 is applicable to an establishment registered as "SHOP", explain with reference to the following :

(*i*) Cinemas and theatre

(*ii*) A firm of Chartered Accountants

(*iii*) Clubs.

(*c*) A cooperative society used to sell milk by purchasing it from cattle owners. The milk that remains unsold was kept in the cold storage so that it could be sold later on. Whether this is a manufacturing process ?

(*a*) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत बीमित व्यक्ति अथवा उनके आश्रितों को कौन-कौनसे लाभ दिये जा सकते हैं ?

(*b*) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत "दुकान" शब्द की परिभाषा देते हुए बताइये कि क्या निम्नलिखित दुकान माने जायेंगे :

(*i*) सिनेमाघर

(*ii*) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट की फर्म

(*iii*) क्लब।

(*c*) एक सहकारी संस्था गांव के ग्वालों से दूध खरीदकर बेचती थी। जो दूध बच जाता था उसे एक कोल्ड स्टोर में अगले दिन बेचने के लिये रखवा दिया जाता था। क्या इसे विनिर्माण प्रक्रिया माना जायेगा ?

*Or*

**(अथवा)**

(*x*) Explain the terms "PERSONAL INJURY" and "in the COURSE OF EMPLOYMENT" as defined in Employees Compensation Act, 1923.

(*y*) Write a short note on Standing Committee and Medical Benefits Council under ESI Corporation Act, 1948.

(*z*) A workman reaches the place of employment before the time when employment begins and meets an accident. Whether the accident is out of and in the course of employment ?

(*x*) कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 के अन्तर्गत ''रोजगार के दौरान'' एवं ''व्यक्तिगत चोट'' इन शब्दों को स्पष्ट कीजिए।

(*y*) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत

(*a*) स्थायी समिति

(*b*) चिकित्सा लाभ परिषद्

पर टिप्पणी कीजिए।

(*z*) एक श्रमिक अपने कार्यस्थल पर कार्य आरम्भ होने के समय से पहले पहुँच गया और वहाँ उसके साथ दुर्घटना हो गई। क्या यह दुर्घटना काम के अन्तर्गत एवं दौरान हुई मानी जाएगी ?

5. (*a*) Discuss the rationale behind the Minimum Wages Act, 1948.

(*b*) Explain the terms "Employer" and "Wages" as per The Minimum Wages Act, 1948.

(*c*) Write a short note on "Wages in kind" under the Minimum Wages Act, 1948.

(*a*) न्यूनतम मज़दूरी अधिनियम, 1948 के औचित्य पर प्रकाश डालिये।

(*b*) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत प्रयोग होने वाले ''नियोक्ता'' एवं ''मजदूरी'' शब्दों को समझाइये।

(*c*) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत ''वस्तुओं के रूप'' में मजदूरी शब्द पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजए।

*Or*

**(अथवा)**

(*x*) Point out the differences between the ESI Act, 1948 and the Employees Compensation Act, 1923.

(*y*) Explain the provisions of the Employees Compensation Act, 1923 regarding appointment and jurisdiction of Commissioners.

(*z*) Discuss the liability of "Immediate Employer" and "Principal Employer" under ESI Act, 1948.

(*x*) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 एवं कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 में दिये गये अन्तरों को स्पष्ट कीजिए।

(*y*) कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 के अन्तर्गत सरकारी गजट में कर्मचारी क्षतिपूर्ति हेतु आयुक्त की नियुक्ति के प्रावधानों की विवेचना कीजिए।

(*z*) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत 'प्रधान नियोक्ता' एवं 'निकटतम नियोक्ता' के दायित्वों की विवेचना कीजिये।